"33"
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आश्विन 20, 1944
सोमवारः 10 अक्तूबर 2022

एनसीसी के महानिदेशक ने 28वें नेहरू अंडर-17 गर्ल्स हॉकी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त करने के लिए गर्ल्स हॉकी टीम को सम्मानित किया

राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने 28वें नेहरू अंडर-17 गर्ल्स हॉकी टूर्नामेंट में जीत प्राप्त करने के लिए एनसीसी गर्ल्स हॉकी टीम को सम्मानित किया। उन्होंने 09 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली में आयोजित फाइनल में मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी को 6-0 से हराया।

एनसीसी गर्ल्स हॉकी टीम की साक्षी राणा को पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया और तमन्ना यादव को फाइनल में तीन गोल करने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

एनसीसी के महानिदेशक ने टीम को कड़ी मेहनत के बल पर ट्रॉफी जीतने के लिए बधाई दी।

एस आर/डीएस